पंजीकृत/ई–मेल
सी0एम0ग्रेवेंसिस।
प्रेषक

निदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा,
शिक्षा सदन, सैक्टर–5, पंचकूला।

सेवा में

प्राचार्य सभी राजकीय महाविद्यालयों,
हरियाणा राज्य।

यादी क्रमांक :– 13/35–2016 सी05(2)
दिनांक पंचकूला 5-5-2017

विषयः– **हरियाणा के राजकीय महाविद्यालयों के प्राध्यापकों द्वारा पी0एच0डी0 शोध हेतू वेतन सहित लिए गए शैक्षणिक अवकाश** (Study Leave with Pay) **में व्याप्त भ्रष्टाचार के के बारे।**

....

उपरोक्त विषय पर कार्यालय के यादी क्रमांक 13/35–2016 सी05(2) दिनांक 23.11.2016 की निरन्तरता में।

विषयांकित मामले में पूर्व में भेजी गई सूचना पूर्ण नहीं है। मामले में सी0एम0 ग्रीवेन्सि प्राप्त हुई है तथा आपसे प्राप्त सूचना के आधार पर प्रार्थी द्वारा उठाए गये बिन्दु की पूर्ण सूचना दी जानी सम्भव नहीं है। अतः आपसे अनुरोध है कि मामले में निम्न सूचना दी जायेः–

1. **राजकीय महाविद्यालयों में 1 जनवरी, 2006 से लेकर 31 मार्च, 2014 तक जिन प्राध्यापकों ने पी0एच0डी0 करने हेतु 2 वर्ष का सवैतनिक शैक्षणिक अवकाश (Study Leave with Pay) प्राप्त किया है, उनसे इस अवधि के दौरान किए गए शोध के आधार पर उनके द्वारा प्राप्त की गई पी0एच0डी0 की डिग्री की प्राचार्य द्वारा सत्यापित/प्रमाणित की गई फोटो प्रति (डिग्री उसी यूनिवर्सिटी व उसी शोध–विषय की होनी चाहिए, जिस यूनिवर्सिटी व जिस शोध–विषय की उन्होंने विभाग से अनुमति प्राप्त की थी) से सम्बन्धित पूर्ण सूचना सत्यापित दस्तवेज सहित भेजी जाये।**

2. **यू0जी0सी0 एवं विभाग के अनुमति पत्र की फोटोप्रति भिजवाते हुए यह भी अंकित करें कि सम्बन्धित सहायक प्रोफेसर को स्टडी लीव के लिए कब कार्यभार मुक्त किया गया तथा शोध कार्य पूर्ण करने उपरान्त पुनः महाविद्यालय में कब कार्यभार ग्रहण किया।**

उक्त सूचना तीन दिन के भीतर–भीतर विभाग को भिजवाना सुनिश्चित करें।

अधीक्षक महाविद्यालय–V
कृतेः निदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा,
पंचकूला।

Disk3(E)/Sham2014/ Hindi Letter